आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक :25.07.2025 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- भारत और मालदीव के बीच कई समझौतों पर हुए हस्ताक्षर, प्रधानमंत्री ने कहा दोनों देशों के बीच संबंधों का नया दौर।
- मुख्यमंत्री ने गुना में कुंभराज वृहद सिंचाई परियोजना का किया लोकार्पण।
- ब्रिटेन के साथ हुए समझौते को केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कृषि और किसानों के लिए वरदान।
- प्रदेश में भारी बारिश के बीच अनूपपुर और बालाघाट सहित कुछ जिलों में बाढ़ की चेतावनी।

## भारत मॉलदीव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मॉलदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज़्ज़ू के बीच माले में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद आज भारत और मालदीव के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए। वार्ता के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने मॉलदीव की ऐतिहासिक 60वीं स्वतंत्रता वर्षगांठ पर राष्ट्रपति और मॉलदीव के लोगों को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी अब आकार ले रही है।

## प्रधानमंत्री कार्यकाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने कार्यकाल के चार हजार 78 दिन पूरे कर लिए हैं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी के लगातार कार्यकाल चार हजार 77 दिनों तक प्रधानमंत्री रहने के कीर्तिमान को पीछे छोड़ दिया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की सेवा में एक और ऐतिहासिक मील का पत्थर स्थापित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की महान लोकतांत्रिक परम्पराओं से ओत-प्रोत परिपक्वता, सुदीर्घ विकास यात्रा और जनविश्वास की एक सशक्त अभिव्यक्ति है।

लोकसभा-राज्यसभा-स्थगित

राज्य सभा और लोकसभा की कार्यवाही आज पांचवे दिन भी दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई है। विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष द्वारा किए गए हंगामे के बाद दोनों सदनों की कार्यवाही को सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। इससे पहले, सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने पर सदन ने करगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर देश के वीर सैनिकों को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद लोकसभा में विपक्षी सदस्यों ने अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा और सदन की कार्यवाही बाधित की। राज्यसभा में भी विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के बाद राज्यसभा को पहले दोपहर 12 बजे और फिर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया।

मुख्यमंत्री गुना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज गुना जिले की चाचौड़ा विधानसभा के बीनागंज में 'पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी लिंक परियोजना आभार सभा' में हिस्सा लिया। उन्होंने कार्यक्रम में 175.76 करोड़ रुपयों की लागत के 604 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन तथा साथ ही 5138 करोड़ की 'कुंभराज वृहद सिंचाई परियोजना' का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कुंभराज वृहद सिंचाई परियोजना से गुना जिले की प्रत्येक तहसील और गांव को सिंचाई एवं पेयजल की सुविधा प्राप्त होगी।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दीपावली के बाद से लाड़ली बहनों को हर माह 1500 रुपयों की राशि प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से फैक्ट्री में कार्य करने पर सरकार द्वारा 5000 की प्रोत्साहन राशि भी मिलेगी।

टूरिज्म कॉन्क्लेव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में पर्यटन निवेश को प्रोत्साहित करने के साथ पर्यटन व्यवसायियों, टूर ऑपरेटर्स और होटल इंडस्ट्री के बीच सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रीवा में दो दिवसीय रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का कल शुभारंभ करेंगे।

मध्यप्रदेश में आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि और विंध्य क्षेत्र की पर्यटन क्षमताओं को पहचानते हुए राज्य में पर्यटन निवेश को बढ़ाने के लिए रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है।

बिट्रेन समझौता शिवराज

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि ब्रिटेन के साथ जो व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता हुआ है, वह भारतीय कृषि और किसानों के लिए वरदान है। उन्होंने कहा कि बिट्रेन से हमारा निर्यात ज्यादा है और आयात कम है। इसका फायदा निश्चित तौर पर भारत को मिलेगा। किसानों के हितों का पूरी तरह से संरक्षण किया गया है।

पीडीएस

प्रदेश के पात्र हितग्राहियों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस के तहत अब अधिक मात्रा में गेहूं मिलेगा। वर्षों से लंबित इस मांग को खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री  गोविंद सिंह राजपूत के आग्रह पर केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। अब पात्र परिवारों को मिलने वाले खाद्यान्न में 75 प्रतिशत गेहूं और 25 प्रतिशत चावल वितरित किया जाएगा। अभी तक चावल और गेहूं 60:40 के अनुपात में वितरित किया जाता था।

शतरंज-फिडे महिला विश्वकप

फिडे महिला विश्वकप शतरंज का फाइनल मुकाबला दो भारतीय खिलाड़ियों के बीच होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी और दिव्या देशमुख आमने सामने होंगी। कोनेरू हंपी ने कल रात जॉर्जिया के बटुमी में सेमीफाइनल टाईब्रेक मुकाबले में चीन की ली तिंगजी को हराया। हम्पी ने लगातार दूसरी बार कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है।

## मौसम

प्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए नर्मदापुरम, सतना, शिवपुरी सहित 15 जिलों के लिए अति भारी बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया है। प्रदेश के बाकी जिलों में बारिश के लिए यलो अलर्ट है। मौसम विभाग ने अनूपपुर, बालाघाट, छतरपुर सहित कुछ पूर्वी जिलों में अचानक उच्च स्तर की बाढ़ आने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार सिंगरौली में सर्वाधिक 7 इंच बारिश हुई है। यहां कई मकान ढह गये हैं। जिला कलेक्टर ने कल स्कूलों की छुट्टी घोषित की है। डिण्डोरी में नर्मदा और सहायक नदियों का जल स्तर बढ़ रहा है। वहीं ग्वालियर में सुबह से ही तेज बारिश के चलते एक इमारत ढ़ह गई। जबलपुर में बरगी बांध के दो और गेट खोल दिए गए है, अब 7 गेट से पानी छोड़ा जा रहा है।

## नशामुक्ति खंडवा

प्रदेश में चलाए जा रहे नशामुक्ति अभियान के तहत आज खंडवा में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नगर निगम और पुलिस प्रशासन द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिले के विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त शॉर्ट फिल्म्स और रील्स के प्रदर्शन से हुई। पुलिस अधीक्षक मनोज राय और विधायक श्रीमती कंचन तंवे ने इस अवसर पर विचार प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पुलिस महानिदेशक का संदेश भी सुनाया गया, जिसमें प्रदेशवासियों से नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहभागी बनने की अपील की गई है।

समाचार संक्षेप में .....

- माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश ने शुक्रवार को हायर सेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2025 की द्वितीय परीक्षा का परीक्षाफल घोषित कर दिया है। परीक्षार्थी अपना परीक्षाफल मण्डल की वेबसाइट www.mpbse.mponline.gov.in पर देख सकते हैं।
- भारत सरकार द्वारा उच्च शिक्षा हेतु छात्र-छात्राओं को शिक्षा ऋण प्रदान करने वाली प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना का विस्तृत विवरण छात्र छात्राओं को प्रदान करने के लिए आज भोपाल के भवभूति प्रेक्षागार उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित हुआ।
- प्रदेश में कल कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। शिवपुरी में भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक रैली निकाली जाएगी जो माधव चौक चौराहे से प्रारंभ होगी।
- सीहोर जिला कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में कल सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला चिकित्सालय की रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई है।
- छिन्दवाड़ा जिले में खरीफ सीजन में किसानों को यूरिया उर्वरक की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा जिले में खाद वितरण व्यवस्था की सघन मॉनिटरिंग की जा रही है।
- तुलसी मानस प्रतिष्ठान मानस भवन भोपाल में श्रीरामकथा का आयोजन प्रतिष्ठा आयोजन के अंतर्गत कल से 31 जुलाई तक दीदी मंदाकिनी द्वारा रामकथा प्रवचन प्रसंग का कार्यक्रम होगा।

-----------------------------